सरकूलर नं0 अपमा/2016–2018/270 दिनांक : 21–03–2018

''ई–वे–बिल कार्यशाला का आयोजन''

दिनांक शनिवार 24–3–2018
स्थान : तिकोना पार्क, कश्मीरी गेट
समय : सुबह 11.00 बजे से

जैसा कि आप सभी को विदित ही है कि सरकार 1 अप्रैल 2018 से ई–वे–बिल लागू करने जा रही है। ई–वे–बिल के क्या–क्या प्रावधान है एवं ई–वे–बिल के अंतर्गत हमारे व्यापार में इसका क्या प्रभाव पड़ेगा, इन्ही ऐसे कई प्रश्नों के उत्तर खोज रहें है तथा इसके समाधान हेतु अपमा के अथक प्रयास द्वारा शनिवार दिनांक 24–3–2018 को सुबह 11.00 बजे कश्मीरी गेट स्थित तिकोना पार्क में एक ई–वे–बिल कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में ई–वे–बिल से संबंधित अधिनियमों प्रश्नों के उत्तर देने एवं सभी शंकाओं का समाधान हेतु Shri Sushil Verma (Ex-President Tax Tribunal Bar Asociation) जी उपस्थित होंगें तथा कम्प्यूटर के माध्यम से ई–वे–बिल कैसे तैयार करना है इत्यादि जानकारी देने हेतु टेली सॉफ्टवेयर के अधिकारी भी मौजूद रहेंगें। इसलिए आप सभी व्यापारी भाईयों से अनुरोध है कि **शनिवार दिनांक 24–3–2018 को सुबह 11.00 बजे तिकोना पार्क, कश्मीरी गेट में आयोजित ई–वे–बिल कार्यशाला** में आकर ई–वे–बिल सें संबंधित अधिनियमों की जानकारी अवश्य प्राप्त करें तथा ई–वे–बिल से संबंधित कोई प्रश्न है तो उसका उत्तर भी प्राप्त कर सकते हैं।

सरकूलर नं0 अपमा/2016–2018/271

''अपमा निःशुल्क डिस्पेन्सरी में दवाओं का वितरण''

सभी व्यापारी भाईयों को सूचित किया जाता है कि प्रथम नवरात्रें के उपलक्ष्य में श्री विनय नारंग जी (कोषाध्यक्ष, अपमा) एवं श्री अनुपम नारंग जी मै0 नारंग मोटर्स, 37, मिठ्ठन लाल मोटर मार्किट, कश्मीरी गेट, दिल्ली–6 की तरफ से जरूरतमंद मरीजों के इलाज एवं दवाईयों हेतु आर्थिक योगदान। अपमा प्रधान एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों की परमपिता परमात्मा से प्रार्थना है कि इनका कारोबार सफलता के साथ प्रगति करता हुआ, दिन–प्रतिदिन फले–फूले, परिवार में और अधिक खुशहाली एवं सुख–समृद्धि आये, व्यापार दिन दोगुना रात चौगुना तरक्की करें।

(विष्णु भार्गव)
महासचिव